# छत्तीसगढ़ विधानसभा
## पत्रक भाग-एक
## संक्षिप्त कार्य विवरण
## बुधवार, दिनांक 9 मार्च, 2011
## (फाल्गुन-18, शक संवत् 1932)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)**

### 1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 02 एवं 04 से 14 (कुल 13) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिये गए।

प्रश्न संख्या 03 के प्रश्नकर्त्ता सदस्य श्री संतोष बाफना अनुपस्थित रहे।

प्रश्न संख्या 09 के प्रश्नकर्त्ता सदस्य श्री भोलाराम साहू के स्थान पर श्री लेखराम साहू अधिकृत थे।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 6 तारांकित एवं 31 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

### 2. समिति के गठन की घोषणा

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि - दिनांक 04 मार्च को प्रश्न संख्या 03 (क्रमांक 1291) पर चर्चा के दौरान आसंदी से रोगदा बांध को हस्तांतरित करने के विषय पर और इससे सम्बद्ध विषयों पर सदन की समिति के गठन की घोषणा की थी। मैं, संसदीय कार्य मंत्री और नेता प्रतिपक्ष से प्राप्त सुझाव के अनुसरण में निम्नांकित सदस्यों की समिति गठित करता हूं :-

(1) श्री नारायण चंदेल

(2) श्री देवजी पटेल

(3) श्री दीपक पटेल

(4) श्री मोहम्मद अकबर

(5) श्री धर्मजीत सिंह

मैं, श्री नारायण चंदेल को समिति का सभापति नियुक्त करता हूं। समिति आगामी सत्र के अंतिम दिन तक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करे।

## 3. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य ने पशुओं की दवा खरीदी में अनियमितता की ओर पशुधन विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री चंद्रशेखर साहू, पशुधन विकास मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) सर्वश्री देवजी पटेल, धर्मजीत सिंह, सदस्य ने राजधानी रायपुर में घरेलू गैस की कालाबाजारी की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 4. नियम 267-क के अंतर्गत विषय

माननीय अध्यक्ष की घोषणानुसार निम्नलिखित सदस्यों की नियम 267-क की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

(1) श्री सौरभ सिंह
(2) श्री दूजराम बौद्ध
(3) डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम
(4) श्री भोलाराम साहू
(5) श्री नंदकुमार पटेल

## 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

माननीय अध्यक्ष की घोषणानुसार निम्नलिखित सदस्यों की याचिकाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

(1) श्री खेदूराम साहू
(2) श्री अग्नि चंद्राकर
(3) श्री रामदेव राम

## 6. वर्ष 2011-2012 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमशः)

श्री बृजमोहन अग्रवाल, लोक निर्माण मंत्री ने लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल से संबंधित मांग संख्या 24, लोक निर्माण कार्य-भवन से संबंधित मांग संख्या 67, लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाओं से संबधित मांग संख्या 76, स्कूल शिक्षा से संबंधित मांग संख्या 27, धार्मिक न्यास और धर्मस्व से संबंधित मांग संख्या 51, संस्कृति विभाग से संबंधित व्यय से संबधित मांग संख्या 26, पर्यटन विभाग से संबंधित मांग संख्या 37 एवं राज्य विधान मंडल से संबंधित मांग संख्या 28 प्रस्तुत की।

**मांग संख्या-24 पर** सर्वश्री महंत रामसुंदर दास, अग्नि चंद्राकर, (डॉ.) प्रेमसाय सिंह टेकाम, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सर्वश्री भजनसिंह निरंकारी, देवेन्द्र बहादुर सिंह, मोहम्मद अकबर, ताम्रध्वज साहू, परेश बागबाहरा, (डॉ.) शक्राजीत नायक, (डॉ.) हरिदास भारद्वाज, डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, श्री रामदेव राम **मांग संख्या-67 पर** सर्वश्री रविन्द्र चौबे, महंत रामसुंदर दास, (डॉ.) प्रेमसाय सिंह टेकाम, (डॉ.) हरिदास भारद्वाज, डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, श्री रामदयाल उइके, डॉ. शक्राजीत नायक, श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर, सर्वश्री मोहम्मद अकबर, अग्नि चंद्राकर, रामदेव राम, **मांग संख्या-76 पर** श्री महंत रामसुंदर दास एवं डॉ.शक्राजीत नायक **मांग संख्या-27 पर** सर्वश्री रविन्द्र चौबे, महंत रामसुंदर दास, अग्नि चंद्राकर, (डॉ.) प्रेमसाय सिंह टेकाम, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सर्वश्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, ताम्रध्वज साहू, शिवराज सिंह उसारे, लेखराम साहू, श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर, डॉ. शक्राजीत नायक, डॉ.हरिदास भारद्वाज, श्री रामदेव राम **मांग संख्या-51 पर** श्री रविन्द्र चौबे एवं श्री महंत रामसुंदर दास **मांग संख्या-26 पर** श्री महंत रामसुंदर दास, डॉ.शक्राजीत नायक, डॉ.हरिदास भारद्वाज, **मांग संख्या-37 पर** सर्वश्री महंत रामसुंदर दास, मोहम्मद अकबर, डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, डॉ.शक्राजीत नायक, डॉ.हरिदास भारद्वाज **मांग संख्या-28 पर** श्री महंत रामसुंदर दास, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री रविन्द्र चौबे, नेता प्रतिपक्ष ने चर्चा प्रारंभ की। (जारी)

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री नारायण चंदेल) पीठासीन हुए।)**

श्री रविन्द्र चौबे,

**(सभापति महोदय (डॉ.हरिदास भारद्वाज) पीठासीन हुए।)**

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लियाः-

सर्वश्री दीपक कुमार पटेल, लखमा कवासी,

**(सभापति महोदय (डॉ.शक्राजीत नायक) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, धर्मजीत सिंह,

**(सभापति महोदय (डॉ.हरिदास भारद्वाज) पीठासीन हुए।)**

## 7. सदन को सूचना

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

माननीय सभापति ने सदन को सूचित किया कि माननीय सदस्यों के लिए विधान सभा भवन स्थित एलोपैथिक चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 10 मार्च, 2011 तक किया गया है। जिन माननीय सदस्यों ने स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करवाया है, वे कृपया सुविधा अनुसार स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर शिविर का लाभ उठावें।

## 8. वर्ष 2011-2012 की अनुदान मांगों पर चर्चा (क्रमशः)

सर्वश्री संतोष बाफना, बोधराम कंवर,

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री नारायण चंदेल) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री देवजी पटेल, परेश बागबाहरा, (डॉ.) कृष्णमूर्ति बांधी, अग्नि चंद्राकर, (श्री रामजी भारती-अनुपस्थित),

**(सभापति महोदय (श्री धर्मजीत सिंह) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री विरेन्द्र कुमार साहू, शिवराज सिंह उसारे, राजूसिंह ठाकुर, अमरजीत भगत,

(माननीय सभापति ने सदन की सहमति से माननीय लोक निर्माण मंत्री जी की मांगों पर चर्चा पूर्ण होने तथा अनुदान मांगों पर मत लिए जाने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की।)

डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, श्री महंत रामसुंदर दास, श्रीमती सरोजा मनहरण राठौर, सर्वश्री सौरभ सिंह, खेदूराम साहू, श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, श्रीमती लक्ष्मी बघेल, श्री दूजराम बौद्ध,

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री नारायण चंदेल) पीठासीन हुए।)**

श्री ह्दय राम राठिया, श्रीमती सुमित्रा मारकोले, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, श्री सेवकराम नेताम (श्री रामदयाल उइके-अनुपस्थित), सर्वश्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, डमरूधर पुजारी, श्रीमती अंबिका मरकाम,

**(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)**

श्रीमती कुमारी मदन साहू।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, लोक निर्माण मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**रात्रि 8.35 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनाँक 10 मार्च, 2011 (फाल्गुन 19, शक संवत् 1932) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।**

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा